# परीक्षा समिति की बैठक संख्या 2021/05 दिनांक: 21.09.2021 का कार्यवृत्त

आज दिनांक 21.09.2021, दिन मंगलवार को अपराह्न 04:00 बजे सेन्टर फॉर एकेडेमिक्स भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में निम्नांकित उपस्थित रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नन्द लाल, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 3. | डा0(श्रीमती) शिप्रा वी. श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर। | सदस्या |
| 4. | डॉ0(श्रीमती) नन्दिनी उपाध्याय, संकायाध्यक्ष, लॉ, डी.ए–वी. कॉलेज, कानपुर। | सदस्या |
| 5. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 6. | डा0 सिद्धार्थ कुमार मिश्रा, एसोशिएट प्रोफेसर, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. वि0वि0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 महेश प्रसाद यादव, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर, इटावा | सदस्य |
| 8. | डा0 सन्दीप सिंह, उपाचार्य, प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग, सी.एस.जे.एम. वि0वि0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | डा0 आशा रानी पाण्डेय, संस्कृत विभाग, डी0जी0 कालेज, कानपुर | सदस्या |
| 10. | डा0 जोसेफ डेनियल, प्राचार्य, क्राइस्ट चर्च कॉलेज,कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 12. | डॉ0 अवधेश सिंह, महामंत्री, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 13 | डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | कुलसचिव |
| 14 | डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | पदेन सचिव |
| 15 | डॉ. आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर । | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 16 | प्रो. सुधान्शु पाण्ड्या, डीन, प्रशासन, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17 | डा0 सरोज कुमार द्विवेदी, सिस्टम मैनेजर, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18 | डॉ0 नन्द लाल, वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19 | डॉ0 दीपक वर्मा, यू0आई0ई0टी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20 | डॉ0 ओमकार अग्रहरी, यू0आई0ई0टी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21 | डॉ0 सतीश चन्द्र, पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22 | डॉ0 काशिफ अहमद, पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |

सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा समिति की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गये :-

Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.05.01 परीक्षा समिति की सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 14–08–2021 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

निर्णय– परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न हुई सामान्य बैठक दिनांक 14–08–2021 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.05.2 नई शिक्षा नीति (NEP-2020) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 की परीक्षाओं सम्बन्धी बैठक दिनांक 10.09.2021 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

निर्णय– परीक्षा सम्बन्धी बैठक दिनांक 10–09–2021 की कृत कार्यवाही की सर्वसम्मति से उक्त बैठक की कार्यवाही का सम्पुष्टिकरण किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.05.3 सत्र 2020–21 हेतु अनुचित साधन प्रयोग (UFM) से सम्बन्धित महाविद्यालयों पर अनुचित साधन प्रयोग समिति की आख्या पर विचार।

निर्णय – (क) सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा में निम्नलिखित महाविद्यालयों में अनुचित साधन प्रयोग (UFM) की सूचना प्राप्त हुयी थी।

| क्र0सं0 | परीक्षा केन्द्र कोड | परीक्षा केन्द्र का नाम | तिथि/पाली |
|---|---|---|---|
| 1 | UN19 | केशव प्रसाद स्मारक महाविद्यालय, उन्नाव | 16-07-2021/ प्रथम एवं द्वितीय |
| 2 | EW01 | के0के0 पी0जी0 कालेज, इटावा | 16-07-2021/ द्वितीय |
| 3 | HA36 | घुरई लाल वर्मा महाविद्यालय, हरदोई | 29-07-2021/द्वितीय |

(ख) UN19 के परीक्षार्थियों को दिनांक–16.07.2021 के दोनों पालियों (प्रथम एवं द्वितीय) की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को अनुपस्थित/निरस्त करते हुये जनवरी में होने वाली बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा साथ ही महाविद्यालय को दो वर्ष तक परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने तथा रू0 200000/– (दो लाख) का आर्थिक दण्ड भी लगाये जाने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

(ग) EW01 के परीक्षार्थियों को दिनांक–16.07.2021 की द्वितीय पाली की परीक्षा को निरस्त करते हुये शेष परीक्षाफल घोषित किया जाय तथा निरस्त की गयी परीक्षा के परीक्षार्थी जनवरी में होने वाली बैक पेपर परीक्षा में परीक्षा दे सकते हैं साथ ही महाविद्यालय को आगामी अगली परीक्षा में परीक्षा



Scanned with CamScanner

केन्द्र न बनाये जाने तथा रू0 200000/- (दो लाख) का आर्थिक दण्ड भी लगाये जाने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

(घ) HA36 के परीक्षार्थियों को दिनांक–29.07.2021 की द्वितीय पाली की परीक्षा को निरस्त करते हुये शेष परीक्षाफल घोषित किया जाय तथा निरस्त की गयी परीक्षा के परीक्षार्थी जनवरी में होने वाली बैक पेपर परीक्षा में परीक्षा दे सकते हैं साथ ही महाविद्यालय पर रू0 200000/- (दो लाख) का आर्थिक दण्ड भी लगाये जाने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.05.4 नई शिक्षा नीति (NEP) को कार्यन्वित करने के सन्दर्भ में विश्वद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 की परीक्षाऐं कराये जाने की प्रकिया और समय के प्रस्ताव पर विचार ।**

निर्णय –(क) नई शिक्षा नीति लागू होने के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित परीक्षायें सम्पादित करायी जानी हैं।

(i) वार्षिक पद्वति मुख्य परीक्षा।

(ii) पूर्व से संचालित सेमेस्टर पद्वति की परीक्षा।

(iii) नई शिक्षा नीति के लागू होने के अन्तर्गत सेमेस्टर परीक्षा।

(ख) (i) समिति द्वारा सत्र 2021–22 की सेमेस्टर एवं नई शिक्षा नीति (NEP) सेमेस्टर की समस्त परीक्षायें माह, जनवरी प्रथम सप्ताह, 2022 में कराये जाने तथा विषम सेमेस्टर नई शिक्षा नीति (NEP) एवं सेमेस्टर परीक्षायें तथा मुख्य परीक्षा को मई, 2022 में सम्पादित कराये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(ii) समिति द्वारा माह, जनवरी प्रथम सप्ताह, 2022 में करायी जाने वाली परीक्षायें बहुविकल्पीय प्रणाली (Objective) तथा मई, 2022 में सम्पादित करायी जाने वाली परीक्षायें लिखित (Subjective) कराये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(ग) प्रायोगिक परीक्षा/मौखिकी/लघुशोध/इन्टरनल एसेसमेंट/ शोध/ निबन्ध/ प्रोजेक्ट आदि की प्रक्रिया कराने के सम्बन्ध में निम्न समिति गठित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया :

1. **प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी**, डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।
2. **डॉ. आर.के. द्विवेदी**, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. **डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव**, डीन, सांइस, डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर
4. **डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय**, कूटा अध्यक्ष, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
5. **सहायक कुलसचिव, परीक्षा**,सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0



Scanned with CamScanner

मद सं0–2021.05.5 सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षाओं के बैक पेपर परीक्षाओं को प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा के साथ कराये जाने पर विचार।

निर्णय – सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षाओं के बैक पेपर परीक्षाओं को प्रस्तावित सेमेस्टर, जनवरी, 2022 की परीक्षाओं के साथ कराये जाने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.05.6 नकल विहीन परीक्षाएँ कराये जाने हेतु अनुचित साधन प्रयोग (UFM) की नई नियमावली तैयार किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय – नकल विहीन परीक्षाएँ कराये जाने हेतु अनुचित साधन प्रयोग (UFM) की नई नियमावली तैयार किये जाने हेतु समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया :

1. **डॉ0 नन्दनी उपाध्याय,** डीन ला, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।
2. **डॉ. बी0डी0 पाण्डेय,** अध्यक्ष कूटा, , सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. **परीक्षा नियंत्रक,** सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
4. **सहायक कुलसचिव (परीक्षा),** सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.05.7 **कोविड–2019 के अन्तर्गत सत्र 2019–20 एवं 2020–21 की परीक्षाएं दो भागों में सम्पादित की गयी थी, कुछ परीक्षार्थी उस दौरान कोविड–19 की बीमारी से ग्रसित होने के परिणाम स्वरूप परीक्षा में प्रतिभाग करने में असफल रहे थे, ऐसे परीक्षार्थियों को प्रोन्नति किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय – कोविड–2019 के अन्तर्गत सत्र 2019–20 एवं 2020–21 की परीक्षाएं दो भागों में सम्पादित की गयी थी, कुछ परीक्षार्थी उस दौरान कोविड–19 की बीमारी से ग्रसित होने के परिणाम स्वरूप परीक्षा में प्रतिभाग करने में असफल रहे थे, ऐसे परीक्षार्थियों को उनकी छूटी हुयी विषय/प्रश्नपत्र की परीक्षा हेतु उनके द्वारा कोविड–19 ग्रसित होने का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर उनमें नियमानुसार औसत अंक प्रदान करते हुये परीक्षाफल पूर्ण कर घोषित किये जाने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2021.05.8 कार्यालय ज्ञाप संख्याः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/1797/2021, दिनांक–04.09.2021 जिसके द्वारा वर्ष 2012 के बाद के विशेष बैक पेपर कराने का निर्णय लिया गया था, उसके अन्तर्गत निम्न प्रकरणों पर विचार :



Scanned with CamScanner

(क) बैक पेपर के साथ ही प्रायोगिक/मौखिक/इन्टरनल एसेसमेंट परीक्षा छूटी हुयी होने के कारण परीक्षार्थियों को उपाधि प्राप्त न होने वाले प्रकरणों पर विचार।

(ख) ऐसे छात्र/छात्राओं, जिनका बैच वर्ष 2012 के पूर्व का था, परन्तु बैक पेपर परीक्षा वर्ष 2012 के बाद होनी थी, के प्रकरण पर विचार।

निर्णय – (क) बैक पेपर के साथ ही प्रायोगिक/मौखिक/इन्टरनल एसेसमेंट परीक्षा छूटी हुयी होने के कारण परीक्षार्थियों को उपाधि प्राप्त न होने वाले परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में भी उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप के अनुसार रू0 5000/–जमा कराते हुये इनकी परीक्षायें कराने तथा नियमानुसार परीक्षा पूर्ण करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।

(ख) ऐसे परीक्षार्थी जिनका बैच वर्ष 2012 के पूर्व का था, परन्तु बैक पेपर परीक्षा वर्ष 2012 के बाद होनी थी, को भी अन्तिम अवसर के रूप में रू0 5000/– प्रति प्रश्नपत्र शुल्क जमा कराते हुए इनकी परीक्षायें कराने तथा नियमानुसार परीक्षा पूर्ण करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह भविष्य के लिये दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.05.9** **चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रिया को सुचिता एवं प्रभावी ढंग से कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चुनौती मूल्यांकन की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु गोपनीयता के दृष्टिगत, मा0 कुलपति जी एवं परीक्षा नियंत्रक द्वारा अपने स्तर से सम्पादित कराया जायेगा।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.05.10** **सत्र 2020–21 के घोषित परीक्षा परिणाम में प्राप्त अंकों से परीक्षार्थियों द्वारा असंतुष्ट होने के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थनापत्रों पर विचार।**

निर्णय – उपरोक्त परीक्षार्थियों के लिये चुनौती मूल्यांकन/स्क्रुटिनी का पोर्टल तत्काल प्रभाव से खोलने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**मद सं0–2021.05.11** **पैरामेडिकल/एम0बी0बी0एस0/बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 में जिन छात्रों का चुनौती मूल्यांकन या पूरक का परीक्षा परिणाम नहीं घोषित हुआ है, ऐसे विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा में अस्थाई तौर पर प्रतिभाग करने पर विचार।**

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल/ एम0बी0बी0एस0/ बी0ए0एम0एस0/ बी0यू0एम0एस0 के ऐसे



Scanned with CamScanner

छात्र जिनका स्क्रूटिनी/चुनौती मूल्यांकन/पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित नही हुआ है, उन्हें आगामी परीक्षा में अस्थाई तौर पर प्रतिभाग करने पर सम्यकतः विचार किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि केवल सत्र 2020–21 में ऐसे छात्र/छात्राओं के सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने पर कि उक्त छात्र/छात्राओं के अगले मुख्य व्यवसायिक परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने हेतु छात्र/छात्राओं का उनके पाठ्यक्रम के नियत्रंक परिषद के विनियम के अनुसार कक्षाओं में उपस्थिति, पाठ्यक्रम एवं अन्य अनुषांगिक कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं एवं छात्र/छात्रायें अगले मुख्य व्यवसायिक परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह हैं, सिवाय इसके कि उनके स्क्रूटिनी/चुनौती मूल्यांकन/पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं हुआ है। उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर छात्र/छात्राओं को अस्थाई तौर पर अगले मुख्य व्यवसायिक परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा इस शर्त के साथ अनुमति प्रदान कर दिया जायेगा कि इस मुख्य व्यवसायिक परीक्षा का परिणाम तभी घोषित किया जायेगा, जब छात्र/छात्राएं अपने पूर्व के स्क्रूटिनी/चुनौती मूल्यांकन/पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किये जायेगें। उपरोक्त परीक्षार्थी स्क्रूटिनी/चुनौती मूल्यांकन/पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में अगली दी गयी परीक्षा में उत्तीर्ण होने की दशा में पुनः अगली परीक्षा सम्मिलित हो सकेगें, किंतु साथ ही पूर्व की स्क्रूटिनी/चुनौती मूल्यांकन/पूरक परीक्षा के बैक पेपर/पूरक परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। पूरे कोर्स की समयावधि के अन्तर्गत सभी परीक्षायें उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही परीक्षार्थी को उपाधि प्रदान की जायेगी। उक्त व्यवसायिक परीक्षा परिणाम पाठ्यक्रम के नियत्रंक परिषद के अथवा विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्सम्बंधी निर्गत आदेश के अध्यधीन होगा।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या०

**मद सं०–2021.05.12 मा० कुलपति महोदय के अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

निर्णय –(क) प्रो० सुधान्शु पाण्डया, कोआर्डिनेटर एवं इंचार्ज परीक्षा परिणाम मुख्य परीक्षा जुलाई–सितम्बर, 2021 ने समिति को परीक्षा परिणाम में माडरेशन के बारे में एवं उसमें उपयोग किये गये और Mathematical & Scientific Tools और Methodology के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत की एवं वह इसकी लिखित रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

(ख) डॉ० सतीश चन्द्र पी०पी०एन० कालेज, कानपुर एवं डॉ० काशिफ अहमद, पी०पी०एन० कालेज, कानपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की Geotagging एंव सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में आख्या दी, उपरोक्त से विश्वविद्यालय की परीक्षा केन्द्र बनानें एवं छात्रों को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से सम्बन्धित जानकारियाँ प्राप्त कराने में भी मदद करेगा।

**अन्त में मा० कुलपति जी द्वारा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।**

(डॉ० अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव, परीक्षा समिति

(प्रो० विनय कुमार पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष



Scanned with CamScanner